शिखर 4

पाठ 2. जादू का ब्रश

पाठ का उद्देश्य

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों को सच्ची मित्रता के बारे में बताना है। सच्चा मित्र अपने मित्र को हर परेशानी और दुखों से छुटकारा दिलाना चाहता है। इसके अलावा इस पाठ में आपसी प्रेम और एक-दूसरे की सहायता के लिए तत्पर रहने हेतु संदेश दिया गया है।

पाठ का सारांश

जया नाम की एक लड़की थी। उसे चित्रकारी का बहुत शौक था। एक रात सपने में उसे एक जादुई ब्रश मिलता है। उसने जादुई ब्रश से फ्रॉक का चित्र बनाया। जब वह उसमें रंग भरने लगी तो माँ ने उसे उठा दिया। जया उसी जादुई ब्रश के बारे में सोचने लगी।

उसने खिड़की में एक ब्रश देखा। जया ने उससे एक सेब का चित्र बनाया। रंग भरते ही वह कागज़ से बाहर आ गया। जया बहुत खुश हुई। वह पार्क में खेलने गई जहाँ उसे एक लड़का मिला जो व्हीलचेयर पर बैठा था। उसका नाम वीनू था। जया और वीनू की दोस्ती हो गई। जया वीनू को अपने घर का बना इडली-डोसा खिलाती तो वीनू अपनी दादी के हाथ के मालपुए जया को खिलाता।

एक दिन वीनू ने उदास होकर जया को बताया कि उसके पिता का तबादला हो गया है वह दूसरे शहर चला जाएगा। जया वीनू को जाने से पहले कोई उपहार देना चाहती थी। उसने कैनवास पर वीनू का दौड़ते हुए चित्र बनाया। अगली सुबह जब वह कैनवास लेकर वीनू के घर पहुँची तो उसने वीनू को दौड़ते हुए देखा। वीनू और उसके माता-पिता बहुत खुश थे। जया ने वीनू को उपहार दिया। वीनू ने उपहार खोला तो उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। जया ने मन-ही-मन जादुई ब्रश को धन्यवाद दिया।

अध्यापन संकेत

प्रस्तुत पाठ का आदर्श वाचन करें। पाठ से मिलने वाली सीख के बारे में बच्चों से चर्चा करें। बच्चों से पूछें और समझाएँ-

- ❖ क्या उन्हें जादुई कहानियाँ अच्छी लगती हैं?
- ❖ यदि उन्हें जादुई ब्रश मिले तो वे उससे क्या करना चाहेंगे?
- ❖ पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ समझाएँ।
- ❖ बच्चों को सच्ची मित्रता का अर्थ समझाएँ।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।